जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत नामित एजेन्सी के कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में दिनांक 19.11.2026 की कार्यवृत्त

जल जीवन मिशन 'हर घर जल' कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद लखीमपुर खीरी के ग्रामीण क्षेत्रों की पाइप पेयजल योजनाओं के कार्यो की प्रगति हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की **दिनांक 19.11.2026** को कलेक्ट्रेट सभागार लखीमपुर खीरी में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता मे आहूत बैठक में, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड प्रथम, अधिशासी अभियन्ता नलकूप, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), डी0सी0–डी0पी0एम0यू0, डी0टी0एल0–टी0पी0आई0, मै0 सेन्सिस टेक लि0, मो0 जमाल डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एन0सी0सी0लि0, श्री प्रियांशू यादव, डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 वी0टी0एल0–गाजा (जे0वी0) लखीमपुर खीरी उपस्थित रहे। (उपस्थिति पंजिका संलग्न)।

समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त निम्नानुसार हैं–

- समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखीमपुर खीरी द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के प्रारम्भ होने से पूर्व जनपद में कुल 116 नग पेयजल योजनाएं बनायी गयी, जिनमें 139 नग राजस्व ग्राम सम्मिलित हैं। सम्पूर्ण जनपद को संतृप्त करने के उद्देश्य से वर्तमान में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कुल 904 नग पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिनमें 1553 नग राजस्व ग्राम सम्मिलित है, पेयजल योजनाओं में 942 नग नलकूप, 942 नग पम्प हाउस, 942 नग बाउण्ड्रीवॉल, 942 नग सोलर प्लान्ट, 922 नग शिरोपरि जलाशय, 11534 कि0मी0 वितरण प्रणाली एवं 564407 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष 940 नग नलकूप, 876 नग पम्प हाउस, 872 नग बाउण्ड्रीवॉल, 544 नग शिरोपरि जलाशय, 11519 कि0मी0 वितरण प्रणाली एवं 553476 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य पूर्ण कर लिए गए है, शेष कार्य प्रगति पर है। जनपद में कुल 1553 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 1169 नग राजस्व ग्रामों में नियमित क्लोरीनयुक्त स्वच्छ पेयजलापूर्ति की जा रही है। 931 नग राजस्व ग्रामों में सड़क पुर्नस्थापना का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। 501 नग राजस्व ग्रामों को हर घर जल सर्टिफाइड कर लिया गया है एवं 225 नग पेयजल योजनाओं को संचालन एवं अनुरक्षण चरण में ले जाया जा चुका है। बैठक में अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामों में जलापूर्ति प्रारम्भ हो गयी है, उनमें बिना किसी बाधा के निरन्तर क्लोरीनयुक्त जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। पाइप लाइन व पेयजल गृह संयोजन किए जाने हेतु खोदी गयी सड़को को अभियान चलाकर गुणवत्तापूर्वक पुर्नस्थापित कर ली जाए एवं लीकेज की शिकायतों का तत्काल प्रभाव से निस्तारण कराया जाए।

- **मै0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा–** समीक्षा बैठक में उपस्थित एन0सी0सी0 फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर मोहम्मद जमाल द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म को आवंटित कुल 667 नग पाइप पेयजल योजनाओं में प्रस्तावित 687 नग शिरोपरी जलाशय के सापेक्ष 435 नग शिरोपरी जलाशय का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जिसमें से 160 नग पाइप पेयजल योजनाएं संचालन एवं अनुरक्षण चरण में गई हैं जिसकी प्रगति काफी असंतोषजनक है। कार्यों में अतिरिक्त मैनपावर लगाते हुए अपेक्षित प्रगति लाने हेतु फर्म के प्रतिनिधि को कड़े निर्देश दिये गये साथ ही जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराए जा रहे समस्त कार्यों को पूर्ण करने हेतु पाइप पेयजल योजनावार टाइमलाइन निर्धारित की गई है उक्त निर्धारित टाइम लाइन के अनुसार योजनाओं की प्रगति सुनिश्चित की जाए। जिससे कार्यों को चरणवार समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाना संभव हो सके।

- **मै0 वी0टी0एल0–गाजा (जे0वी0) द्वारा कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा–** समीक्षा बैठक में उपस्थित वी0टी0एल0 फर्म के डी0पी0एम0 श्री प्रियांशू यादव द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म को आवंटित कुल 237 नग पाइप पेयजल योजनाओं में प्रस्तावित 240 नग शिरोपरी जलाशय के सापेक्ष 109 नग शिरोपरी जलाशय का कार्य पूर्ण किया जा चुका है व 65 नग योजनाएं संचालन एवं अनुरक्षण चरण में गई हैं जिसकी प्रगति काफी असंतोषजनक है। कार्यों में अतिरिक्त मैनपावर लगाते हुए अपेक्षित प्रगति लाने हेतु फर्म के प्रतिनिधि को कड़े निर्देश दिये गये साथ ही जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराए जा रहे समस्त कार्यों को पूर्ण करने हेतु पाइप पेयजल योजनावार टाइमलाइन निर्धारित की गई है उक्त निर्धारित टाइम लाइन के अनुसार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा प्रत्येक माह कराई जाए। जिससे कार्यों को चरणवार समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाना संभव हो सके।

अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु–

I. जल निगम की पूर्व निर्मित योजनाएं जो संचालन व अनुरक्षण हेतु फर्म में वी0टी0एल0 लि0 को आवंटित है के संबंध में एजेन्सी के प्रतिनिधि श्री प्रियांशू यादव द्वारा अवगत कराया गया कि मरम्मत कार्यों हेतु धनराशि स्वीकृत हो गई है व कुल 116 नग योजनाओं के सापेक्ष 113 नग पाइप पेयजल योजनाओं में मरम्मत का कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है व अभी भी 04 पाइप पेयजल योजनाएं अक्रियाशील की श्रेणी में हैं। वी0टी0एल0 लि0 को निर्देशित किया गया है कि उक्त अक्रियाशील योजनाओं को प्राथमिकता पर क्रियाशील करते हुए योजनाओं में मरम्मत कार्यों को पूर्ण कराने की प्लानिंग/माइल स्टोन प्रस्तुत कर अपेक्षित प्रगति प्राप्त की जाए व उपरोक्त समस्त योजनाओं में प्राविधानित कार्य माह दिसम्बर 2026 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कर लिए जाए।

II. नियमित जलापूर्ति में हो रही बाधा के सम्बन्ध में कार्यदायी संस्थाओं द्वारा पाइप पेयजल योजनाओं में सोलर वायर की चोरी होने का कारण बताया गया जिसके लिए एजेंसी को निर्देशित किया गया कि

अनुबन्ध की शर्तों के अनुसार आवश्यक मैन पावर/गार्ड रखे जाए, पाइप पेयजल योजना पर सोलर वायर/अन्य सामग्री चोरी होने की दशा में तत्काल संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी जाए।

III. जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद में 05 योजनाओं में भूमि विवाद के कारण निर्माण कार्य बाधित है। मा0 न्यायालय में कुल 03 प्रकरण (ग्राम पंचायत जगदेवपुर, ओयल देहात, नगला) विचाराधीन है तथा उनमें निर्गत स्थगन आदेश प्रभावी है जिसको निरस्त कराने हेतु प्रभावी पैरवी के करने के लिए अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया। यह भी निर्देश दिये गये कि यदि जल निगम उक्त वादों का पक्षकार नहीं है तो न्यायालय के समक्ष उपस्थिति होकर पक्षकार बनकर तथ्यों को मा0 न्यायालय के संज्ञान में लाएं, 01 प्रकरण विकास खण्ड पलिया की ग्राम पंचायत मरूआ पश्चिम में न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश खारिज किया गया है तत्काल उपजिलाधिकारी पलिया से समन्वय स्थापित कर भूमि की पुनः पैमाइश कराकर कार्य प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें, शेष 01 प्रकरण जिसमें (ग्राम पंचायत गौढ़ी) स्थानीय/प्रशासनिक विवाद के कारण कार्य प्रभावित है। निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित उप जिलाधिकारी से सम्पर्क कर समस्या का निराकरण कराकर शीघ्र कार्य प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें।

IV. जल कल परिसरों में साफ–सफाई की समुचित व्यवस्था किए जाने के भी निर्देश दिए गए।

V. जिन ग्रामों में कमिशनिंग एवं टेस्टिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है उन ग्रामों में वितरण प्रणाली डालने के दौरान तोड़ी गयी सड़क को शत–प्रतिशत पुर्नस्थापित कर लिया जाए। साथ ही जिन ग्रामों में अभी टेस्टिंग, गृह संयोजन के कार्य अवशेष हो उनमें समस्त सड़कों को मोटरेबल किये जाने के निर्देश दिए गए।

VI. आई0जी0आर0एस0 समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि माह अक्टूबर में कुल 569 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। बैठक में उपस्थित दोनों फर्मों के प्रतिनिधि को कड़े निर्देश दिये गये कि पेयजल योजनाओं में परिलक्षित कमियों का स्वतः संज्ञान लेकर तत्काल निस्तारण करा ले जिससे शिकायत में कमी आये साथ ही शिकायतों के प्रभावी निस्तारण के लिए प्रति विकास खण्डवार लीकेज मरम्मत/ज्वाइंटिंग/गृह संयोजन इत्यादि कार्यों के लिए अलग से डेडिकेटेड टीम लगायी जाए जो निरन्तर भ्रमणशील रहे एवं तत्काल समस्या का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें।

VII. जीरो पॉवर्टी योजना की समीक्षा में पाया गया कि जनपद के कुल 11892 पात्र परिवारों जिन्हें जलजीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत गृह जल संयोजन प्रदान किया जाना लक्षित है परन्तु वर्तमान तक केवल 8336 परिवारों को गृह संयोजन प्रदान किया गया है अभी 3559 परिवारों को गृह संयोजन दिया जाना अवशेष हैं। बैठक में उपस्थित फर्मों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिये गये कि अवशेष सभी पात्र परिवारों को 15 दिसम्बर 2026 तक गृह संयोजन प्रदान कर दिये जाएं।

VIII. जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन जिन ग्रामों में नलकूप के ... चुके हैं उनमें पम्प हाउस का निर्माण कार्य प्राथमिकता के अनुसार पर पूर्ण करते ... के माध्यम से क्लोरीनयुक्त निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए।

IX. जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिन पाइप पेयजल योजनाओं में सीधी पम्पिंग के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है उनमें शिरोपरि जलाशय के कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराते हुए योजनाओं को O&M चरण में ले जाया जाए व जिन योजनाओं में जलापूर्ति नहीं हो रही है उनमें प्राथमिकता के आधार पर जलापूर्ति प्रारम्भ की जाए।

27/11/26

(योगानन्द पाण्डेय)
मुख्य विकास अधिकारी
लखीमपुर–खीरी।

0/c
EE

कार्यालय जिलाधिकारी, लखीमपुर खीरी।

पत्रांक 3615 / A-21 / 113 दिनांक– 27/11/2026

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. जिलाधिकारी, लखीमपुर खीरी।
4. अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखीमपुर खीरी।
5. उपजिलाधिकारी, पलिया, लखीमपुर खीरी।
6. उपजिलाधिकारी, धौरहरा, लखीमपुर खीरी।
7. डी०टी०एल० मेसर्स सेन्सिस टेक लि० टी०पी०आई०, लखीमपुर खीरी।
8. श्री प्रियांशु यादव, डी0पी0एम0, मै0 वी0टी0एल0 गाजा लि0 (जे0वी0) पंजाबी कालोनी, लखीमपुर–खीरी।
9. मो० जमाल, (डी०पी०एम०), मै० एन०सी०सी०लि०, ग्राम डिम्हौरा, बाबागंज, लखीमपुर खीरी।
10. गार्ड फाइल।

27/11/26

मुख्य विकास अधिकारी
लखीमपुर–खीरी।

0/c
EE

g:\amit\word file\a.e. saurabh sir\karyavat 2026\dm karya vrat 2026.docx

... दिनांक 19.11.2026 को आयोजित जल जीवन मिशन के जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में प्रमिभाग किये गये अधिकारियों की उपस्थिति

	अधिकारी का नाम	पद व विभाग	मोबाइल नं0	हस्ताक्षर
	राजेन्द्र प्रताप सिंह	D.DO/RD	9454465383	
	Tapas Mihir	DFO S. Khari, Forest Dept	7839435104	
4	VISHAL SINGH	DPRO	8299357756	
5	Dr Dhani Ram	DY. CMO Khari	6394012614	
6	कृष्णपाल	परियोजना अधिकारी [illegible]	8840644681	
7	हृदय शंकर लाल श्रीवास्तव	BSA ~~[illegible]~~	9453004171	
8	अमरनाथ मिश्र	अधि. अभियंता, नलकूप	9454414260	
9	नरेन्द्र कुमार	ADIO	9453005430	
10	सूर्य प्रताप सिंह	DAO	7839882212	
11	राम बहादुर	EE, Irrigation Div.	9451643817	
12	Md. Rahat Hussain	TPI, Deputy team leader	9334612409	
13	Ahshan Khan	DTL (TPI O&M)	8299155985	
14	Priyanshi Yadav	VTL (P.M)		
15	Sandeep Singh	GIS Expert (DPMU)	8896626076	
16	Ankit Gupta	DPM (NCC)	8318340591	
17	MD. Jamal	DPM (NCC	989147915	
18	N. Rambabu	PM (NCC)	9930790146	
19	S Ramakrishna	DPM (NCC)	8400800920	

...दय की अध्यक्षता में दिनांक 19.11.2026 को आयोजित जल जीवन मिशन के ...यजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में प्रमिभाग किये गये अधिकारियों की उपस्थिति

...wan Ram	OAGC Engineer (TPIA)	8858812910.	[signature]
...ndra Patel	JE Jal Nigam (Rur)	9140596179	[signature]
...न परवेज	JE Jal Nigam (R)	7607798477	[signature]
Neha Pandey	J.E. Jal Nigam (R)	6388247752	[signature]
Ashish Kumar.	J.E Jal Nigam (R)	6384040280	[signature]
Abhishek Kumar	J.E (Jal Nigam Rural)	9198702844	[signature]
Sunil Kumar Shukla	D.C J.J.M.	7355[illegible]	[signature]
Sharad Shukla.	CBT. JJM.	9695554505	[signature]
Rakesh Kumar	Sr. OAGC	9891928550	[signature]